NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

सतना में नकली कीटनाशक फैक्ट्री का भंडाफोड़, किराए के कमरे में चल रहा था खेल, 4 क्विंटल जहरीला माल जब्त, मकान सील

सतनाः मध्य प्रदेश के सतना जिले में जिला प्रशासन ने जहरीली खाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। किसानों की मेहनत और फसल पर मंडरा रहे बड़े खतरे को पहले ही नाकाम कर दिया। प्रशासन ने सख्त कार्रवाई कर सतना में नकली फंगीसाइड (कीटनाशक) बनाने वाली एक अवैध इकाई का भंडाफोड़ कर दिया।

दरअसल, एसडीएम सिटी राहुल सिलाड़िया के नेतृत्व में प्रशासन और बायर कंपनी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। उन्होंने नई बस्ती स्थित एक मकान पर छापा मारकर 4 क्विंटल नकली कीटनाशक दवा जब्त की है। जब्त माल की बाजार कीमत लाखों में आंकी गई है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/madhya-pradesh/satna/satna-administration-big-action-against-fake-pesticide-raid-in-rented-house-and-4-quintals-poisonous-material-seized/articleshow/121960100.cms